(62) आई॰ टी॰ मैनेजर

बिहार सरकार
पथ निर्माण विभाग

अधिसूचना

अधि०सं०–निग / सारा–4 (पथ) आरोप–62 / 2026 8362(5) /पटना, दिनांक 19/11/2026

पुलिस अधीक्षक, विशेष निगरानी ईकाई, बिहार, पटना के पत्रांक–2872 / 27 / 2026 / SUV / Pat. दिनांक–04.11.2026 के द्वारा सूचित किया गया है कि श्री विजय कुमार, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, सहरसा के विरूद्ध रूपये 3,28,70,600 / – (तीन करोड़, अठाईस लाख, सत्तर हजार, छः सौ रूपया) के आय से अधिक सम्पति के आरोप में विशेष निगरानी थाना कांड संख्या–27 / 2026, दिनांक–03.11.2026 धारा–13(2) सह–पठित धारा–13(1)(बी) भ्र0नि0अधि0, 1988 (संशोधित अधिनियम–2018) दर्ज किया गया है, जो काफी गंभीर प्रकृति का है।

2. अतः श्री विजय कुमार, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, सहरसा को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–9 (1)(क) एवं 9 (1)(ग) के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

3. निलंबन अवधि में श्री कुमार का मुख्यालय अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का कार्यालय निर्धारित किया जाता है।

4. निलंबन अवधि के दौरान श्री कुमार को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम–10 के अध्याधीन शर्त्तों के तहत् अनुमान्य जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

5. इनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारम्भ करने हेतु नियमानुसार अलग से आरोप पत्र निर्गत किया जायेगा।

6. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह० / –

सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– निग / सारा–4 (पथ) आरोप–62 / 2026 /पटना, दिनांक.....

प्रतिलिपिः– महालेखाकार (ले० एवं ह०) का कार्यालय, बिहार, पटना / प्रभारी पदाधिकारी (वि०वै०दा०नि०को०), वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –

सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

कृ०पृ०उ०

ज्ञापांक :– निग/सारा–4 (पथ) आरोप–62/2026 /पटना, दिनांक.....

प्रतिलिपिः– प्रभारी पदाधिकारी, ई0 गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को हार्ड कॉपी एवं सी०डी० के साथ बिहार राजपत्र में प्रकाशनार्थ प्रेषित (द्वारा– आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना)।

ह०/–

सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– निग/सारा–4 (पथ) आरोप–62/2026 /पटना, दिनांक.....

प्रतिलिपिः– सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव/सचिव, भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/विशेष सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख (मु०), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/सभी मुख्य अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पटना/अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, सहरसा/उप सचिव (निगरानी), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अवर सचिव, मुख्यालय/लेखा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, पथ निर्माण विभाग, पटना/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–1/2/6/13/14, एवं 30 (लेखा शाखा), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना एवं **श्री विजय कुमार, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, सहरसा** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

स्पीड पोस्ट /ई–मेल

ह०/–

सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– निग/सारा–4 (पथ) आरोप–62/2026 /पटना, दिनांक.....

प्रतिलिपिः– उप सचिव (प्र०को०), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– निग/सारा–4 (पथ) आरोप–62/2026 8363(5)/पटना, दिनांक 19/11/2026

प्रतिलिपिः– आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय web-site पर प्रदर्शित करने हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।